भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 770

जिसका उत्तर 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

प्रधानमंत्री जन धन योजना

770. श्रीमती मंजुलता मंडलः
श्री गजानन कीर्तिकरः
श्री धनुष एम. कुमारः
श्री सी. एन. अन्नादुरईः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के कार्यान्वयन के आठ वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और यदि हां, तो इसे कार्यान्वित करते समय सरकार के समक्ष चुनौतियों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए पीएमजेडीवाई आरम्भ किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में इस योजना के अंतर्गत कितने प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया गया है;

(घ) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों को शामिल करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी परिणाम क्या रहे;

(ड.) इस योजना के आरम्भ से लेकर अब तक महाराष्ट्र और तमिलनाडु के जिलों सहित देश के विभिन्न जिलों में पीएमजेडीवाई के अंतर्गत लाभार्थियों और पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या कितनी है; और

(च) इस योजना के अंतर्गत अधिकतम क्षेत्र को शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) से (च): बैंकिंग की पहुँच में वृद्धि करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश भर में प्रत्येक परिवार को कम से कम एक बैंक खाता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन धन योजना

(पीएमजेडीवाई) के रूप में 15 अगस्त 2014 को वित्तीय समावेशन (एफआई) संबंधी राष्ट्रीय मिशन की घोषणा की गई थी।

सरकार की वित्तीय समावेशन पहल को गति प्रदान करने के लिए पीएमजेडीवाई को दिनांक 14.08.2018 से आगे बढ़ाया गया था। (i) ओवरड्राफ्ट सीमा 5,000 रुपये से 10,000 रुपये तक और (ii) 1 लाख रुपये से 2 लाख रुपये तक रुपे कार्ड धारकों पर दुर्घटना बीमा कवर को बढ़ाये जाने के साथ योजना को अधिक आकर्षक बनाया गया था। बैंकिंग पहुंच को बढ़ाने और देश भर में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में पीएमजेडीवाई सफल रहा है।

जैसाकि बैंकों ने सूचित किया है दिनांक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार देश के विभिन्न जिलों में 47.57 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए कुल जन धन खातों में से 55.8% खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं। दिनांक 31.10.2022 की स्थिति के अनुसार, पीएमजेडीवाई के अंतर्गत महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्य में खोले गए बैंक खातों के जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

व्यवसाय प्रतिनिधि द्वारा नियंत्रित किसी शाखा और बैंकिंग आउटलेट पर पीएमजेडीवाई खाता खोला जा सकता है।

*****

“पीएमजेडी योजना” के संबंध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 770 के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध			
दिनांक 31.10.2022 की स्थिति के अनुसार जिला-वार पीएमजेडीवाई खाते			
क्र.सं.	**जिला**	**राज्य**	**खातों की कुल संख्या**
1	अहमदनगर	महाराष्ट्र	14,69,068
2	अकोला	महाराष्ट्र	5,41,172
3	अमरावती	महाराष्ट्र	8,16,210
4	औरंगाबाद	महाराष्ट्र	13,90,417
5	बीड	महाराष्ट्र	11,97,373
6	भंडारा	महाराष्ट्र	5,25,326
7	बुलढाना	महाराष्ट्र	8,61,770
8	चंद्रपुर	महाराष्ट्र	6,52,163
9	धुले	महाराष्ट्र	7,95,440
10	गडचिरोली	महाराष्ट्र	3,03,987
11	गोंदिया	महाराष्ट्र	5,24,728
12	हिंगोली	महाराष्ट्र	5,61,812
13	जलगांव	महाराष्ट्र	13,57,187
14	जलना	महाराष्ट्र	7,95,008
15	कोल्हापुर	महाराष्ट्र	12,35,395
16	लातूर	महाराष्ट्र	8,95,565
17	मुंबई	महाराष्ट्र	6,63,358
18	मुंबई उपनगर	महाराष्ट्र	7,33,067
19	नागपुर	महाराष्ट्र	12,08,079
20	नांदेड़	महाराष्ट्र	14,14,611
21	नंदुरबार	महाराष्ट्र	6,06,214
22	नासिक	महाराष्ट्र	20,97,729
23	उस्मानाबाद	महाराष्ट्र	6,95,213
24	पालघर	महाराष्ट्र	9,35,579
25	परभनी	महाराष्ट्र	8,29,073
26	पुणे	महाराष्ट्र	17,11,089
27	रायगढ़	महाराष्ट्र	5,19,189
28	रत्नागिरि	महाराष्ट्र	3,98,000
29	सांगली	महाराष्ट्र	7,85,872
30	सतारा	महाराष्ट्र	7,99,823
31	सिंधुदुर्ग	महाराष्ट्र	2,18,355
32	सोलापुर	महाराष्ट्र	15,64,715
33	ठाणे	महाराष्ट्र	12,14,482
34	वर्धा	महाराष्ट्र	3,47,371
35	वाशिम	महाराष्ट्र	3,88,283
36	यवतमाल	महाराष्ट्र	10,82,761
37	अरियालुर	तमिलनाडु	80,556
38	चेन्नई	तमिलनाडु	8,23,644
39	कोयंबत्तूर	तमिलनाडु	7,54,224
40	कुड्डालोर	तमिलनाडु	4,10,177
41	धर्मपुरी	तमिलनाडु	2,84,651
42	डिंडीगल	तमिलनाडु	4,03,752
43	इरोड	तमिलनाडु	5,10,796

44	कांचीपुरम	तमिलनाडु	5,82,029
45	कन्याकुमारी	तमिलनाडु	3,92,710
46	करूर	तमिलनाडु	2,32,172
47	कृष्णागिरी	तमिलनाडु	3,12,125
48	मदुरै	तमिलनाडु	5,19,132
49	नागपट्टिनम	तमिलनाडु	2,80,439
50	नामक्कल	तमिलनाडु	3,95,871
51	पेरम्बलुर	तमिलनाडु	93,726
52	पुदुक्कोट्टई	तमिलनाडु	2,67,611
53	रामनाथपुरम	तमिलनाडु	2,31,262
54	सेलम	तमिलनाडु	8,47,222
55	शिवगंगा	तमिलनाडु	2,50,695
56	तंजावुर	तमिलनाडु	4,16,496
57	नीलगिरी	तमिलनाडु	1,32,530
58	तेनी	तमिलनाडु	2,35,955
59	तिरुवल्लुर	तमिलनाडु	5,51,420
60	तिरुवरुर	तमिलनाडु	2,27,856
61	तिरुचिरापल्ली	तमिलनाडु	4,62,653
62	तिरुनेलवेली	तमिलनाडु	5,48,071
63	तिरुपूर	तमिलनाडु	5,14,070
64	तिरुवन्नामलाई	तमिलनाडु	3,88,912
65	तूतीकोरिन	तमिलनाडु	2,49,799
66	वेल्लोर	तमिलनाडु	8,01,109
67	विल्लुपुरम	तमिलनाडु	6,29,608
68	विरुधुनगर	तमिलनाडु	3,64,028
कुल			**4,53,30,785**
			स्रोतः बैंक